माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, UTTAR PRADESH
Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/ 190 **दिनांकः 23 ,मार्च 2026**

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय
बलरामपुर

विषयः प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु तिथि विस्तरित से सम्बन्धित ।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025–26 के स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के सापेक्ष प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने की अन्तिम तिथि 23.03.2026 निर्धारित की गयी थी । माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने की तिथि दिनांक 31.03.2026 तक विस्तृत की गयी है ।

अतः कृपया दिनांक 31.03.2026 तक प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए अंकों को पोर्टल पर पूरित कर शीलबन्द हार्डकापी को दिनांक 01.04.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

साथ यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्र/छात्राओं को 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे, उनकी विडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकापी प्रस्तुत करना होगा। प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात समस्त इन्टरनल एसेसमेन्ट तथा प्रायोगिक परीक्षा की पुस्तिका पूर्व निर्धारित नोडल केन्द्र पर अन्तरिक व बाह्य परीक्षक के हस्ताक्षर दिनांक तथा पुस्तिका संख्या दिनांक सहित प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कॉलेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करें ।
2. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
3. कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक

कार्यालय पता : (अस्थायी) घूघुलपुर, बलरामपुर, पिन कोड–271201, उ०प्र०
Official Address : (Temporary) Ghughulpur, Balrampur, Pin Code- 271201, U.P.